प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 06.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल गोरखपुर में पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सैनिक स्कूल का करेंगे लोकार्पण।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में एशिया के पहले जटायु संरक्षण और प्रजनन केंद्र का किया उद्घाटन : कहा– गोरखपुर में बनाया जाएगा फॉरेस्ट कॉलेज।
3. केन्द्र सरकार के बिजनेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान में उत्तर प्रदेश बना टॉप अचीवर राज्य।

और

4. श्रद्धा और उल्लास के साथ आज मनाया जा रहा है हरतालिका तीज का पर्व : महिलाएं निर्जला व्रत रख कर कर रही हैं शिव–पार्वती की पूजा अर्चना।

———————

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल गोरखपुर में पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सैनिक स्कूल का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में सैनिक स्कूल जाकर वहां लोकार्पण को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं से जुड़ी तैयारियों को देखा और

अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। गोरखपुर का सैनिक स्कूल खाद कारखाना परिसर में आवंटित 49 एकड़ भ्मि पर 176 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बना है। युवाओं को शिक्षा, देश की रक्षा के ध्येय से सैनिक स्कूल में कक्षा 6 से 12 तक बालक–बालिकाओं को आवासीय व्यवस्था के तहत शिक्षा प्रदान की जाने की व्यवस्था है। प्रवेश परीक्षा के जरिये कक्षा 6 और 9 में दाखिला लेन के बाद इस सैनिक स्कूल में पहली जुलाई से पढ़ाई शुरू हो चुकी है। प्रथम चरण में इस स्कूल में कक्षा 6 और 9 में 84–84 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया है। इनमें कुल मिलाकर 40 छात्राएं और 128 छात्र हैं। यहां छात्र–छात्राओं के लिए अलग–अलग कैंपस हैं।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में एशिया के पहले जटायु संरक्षण और प्रजनन केंद्र के उद्घाटन किया। इस केंद्र का निर्माण 281 लाख रुपये की लागत से 5 हेक्टेयर में किया गया है। मुख्यमंत्री ने वन विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि गोरखपुर में एक फॉरेस्ट्र कॉलेज बनाया जाए, जहां वन से संबंधित पढ़ाई के लिए डिग्री और डिप्लोमा के पाठ्यक्रम चलाए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब विकास प्रकृति और पर्यावरण को बचाकर किया जाएगा, तभी वह सतत विकास होगा और उसका लंबे समय तक लाभ मिलेगा। बाइट.....

*आज प्रदेश में हरियाली का दायरा भी बढ़ा है प्रदेश के अंदर। हम अन्य जंगली जीव–जन्तुओं को बचाने में भी हमें सफलता प्राप्त हुई है। नदियों को भी संरक्षित इसी बहाने किया जा रहा है। अमृत सरोवर के नाम पर जो संरक्षण करने के साथ–साथ उसके माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के लिये प्रकृति को बचाने के लिये एक नई प्रेरणा प्रदान की जा रही है। आज यही कारण है कि डाल्फिन फिर से दिखाई दे रही है। प्रकृति और पर्यावरण को बचाकर जब हम प्रयास करेंगे। वह हमारे लिये सस्टेनबल हो जायेगा। लम्बे समय के लिये उसका उपयोग हम कर पायेंगे।*

———————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में 635 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नए उत्तर प्रदेश का नया गोरखपुर आज समृद्धि के पथ पर तेजी से आगे बढ़ते हुए विकास और सुशासन का एक मॉडल बनकर उभरा है। उन्होंने बताया कि सरकार ने युवाओं को उद्यम स्थापित करने के लिए दो चरणों में ब्याज मुक्त लोन देने की व्यवस्था कर दी है। बाइट.....**

*जो युवा उद्यमी अपना उद्योग लगायेगा उन युवा उद्यमी को पहले चरण में 5 लाख का और दूसरे चरण में 10 लाख रुपये का ब्याज मुक्त लोन उपलब्ध कराने का काम हम करेंगे। आप पूंजी लीजिये मूल पूंजी बैंक वापस लेकर आप से ब्याज जो भी लगेगा सरकार चुकता करेगी, जनता जर्नादन को पैसे देने की आवश्यकता नहीं, मूल धन ही वह जमा करेगा, आप का उद्योग लगाने में अपना उद्यम स्थापित करने में अपना व्यवसाय बढ़ाने में मदद मिलेगी।*

गोरखपुर दौरे क दौरान मुख्यमंत्री ने गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 223 पर भाजपा के सदस्यता अभियान का शुभारंभ भी किया।

—————————

केन्द्र सरकार द्वारा घोषित बिजनेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान बीआरएपी–2022 में यूपी टॉप अचीवर राज्य बनकर उभरा है। केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह ऐलान करते हुए प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल नंदी को टॉप अचीवर राज्य का अवार्ड देकर सम्मानित किया। श्री नंदी ने राष्ट्रीय औद्योगिक विकास कारिडोर कार्यक्रम के तहत बुंदेलखंड और मध्यांचल क्षेत्र से एक–एक शहर को शामिल किये जाने का अनुरोध किया है। केन्द्र ने हाल में प्रयागराज और आगरा को इसमें शामिल करने का ऐलान किया है।

दिल्ली में उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग की ओर से कल उद्योग समागम में उत्तर प्रदेश को व्यापार और नागरिक केन्द्रित सुधार क्षेत्र में टॉप अचीवर घोषित किया गया। श्री नंदी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अथक प्रयास, सुदृढ़ कानून व्यवस्था और बेहतर औद्योगिक नीति की वजह से प्रदेश में व्यापार ओर नागरिक केन्द्रित सुधार क्षेत्र में काफी बदलाव आया है।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————

समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रारम्भिक परीक्षा और उत्तर प्रदेश आरक्षी पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक कराने वाले गैंग के दो सदस्य को यूपी एसटीएफ ने गिरफ्तार किया। इस बारे में एसटीएफ ने आज लखनऊ में जानकारी देते हुए बताया कि दोनों अभियुक्तों को प्रयागराज के थाना कीडगंज क्षेत्र से कल गिरफ्तार किया गया। एसटीएफ के अनुसार, पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि आरक्षी पुलिस भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों को शिव महाशक्ति रिसॉर्ट रीवा मध्य प्रदेश में पेपर पढ़वाने के लिए वह लेकर गये थे आर रिसोर्ट मालिक के खाते में 5 लाख रुपये भी भेजे थे।

——————

केन्द्र सरकार ने आमदनी और योग्यता पर आधारित राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत वर्ष 2024–25 के लिए चुने हुए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए आवेदन करने की

समय–सीमा इस महीने की 30 तारीख तक बढा दी है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है ताकि कक्षा आठ के बाद स्कूली शिक्षा बीच में छोड़ने की समस्या पर रोक लगाई जा सके।

———————

कैबिनेट मंत्री और जनपद प्रभारी डॉ० संजय कुमार निषाद ने आज औरैया में कानून व्यवस्था और विकास योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में श्री निषाद ने विभागीय योजनाओं का विभिन्न माध्यमों से प्रचार प्रसार करते हुए पारदर्शिता से पात्र लोगों को लाभान्वित कराने का निर्देश दिया।

———————

प्रदेशभर में आज हरतालिका तीज का पर्व मनाया जा रहा है। इसी क्रम में हमीरपुर में शोभा यात्रा निकाली गई और तीन दिवसीय तीज मेले का शुभारम्भ किया गया। हरतालिका तीज पर महिलाएं निर्जला व्रत रखकर शिव–पार्वती की पूजा करती हैं और अपने पति की लंबी आयु की कामना करती हैं। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.....

*हरतालिका तीज सुहाग का पर्व है। प्रयागराज त्रिवेणी संगम तट पर बड़ी संख्या में  प्रयागराज सहित आस पास के जनपद से आई व्रती महिलाओ*

*ने गंगा स्नान कर व्रत का प्रारंभ किया। हरतालिका तीज के अवसर पर बाजार में भी रौनक देखने को मिली महिलाए पूजा पाठ के समान और शिव पार्वती की मूर्ति को खरीदारी करती नजर आईं। इसके अलावा तीज का व्रत रखने वाली सुहागिन महिलाएं घर पर शिव पार्वती की मूर्ति बनाकर सोलह श्रृंगार करके सामूहिक रूप से बैठकर पूजन और कथा का श्रवण किया।*

*प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

—————————

आगामी त्योहारों को देखते हुए उत्तर मध्य रेलवे ने एक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या शून्य चार एक नौ पांच और शून्य चार एक नौ छह क्रमशः आगरा से बिहार के फारबिसगंज और फारबिसगंज से आगरा छावनी तक चलेगी। यह ट्रेन आगरा से चलकर लखनऊ जंक्शन पर शाम को 5 बजकर 25 मिनट पर पहुंचेगी और 10 मिनट के ठहराव के बाद आगे के लिए प्रस्थान करेगी। आगरा से यह ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार और बिहार के फारबिसगंज से प्रत्येक शनिवार को चलेगी।

—————————

बाराबंकी में कल देर रात एक भीषण हादसे में तीन महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई। लखनऊ–महमूदाबाद मार्ग पर बड्डूपुर थाना क्षेत्र में दो कार और एक ऑटो के आपस में टकराने से यह हादसा हुआ। हादसे में आठ माह की मासूम समेत तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने

दुर्घटना का संज्ञान लेते हुए जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही घायलों को समुचित इलाज दिलाने के निर्देश देते हुए उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

————————

रसद और खाद्य राज्य मंत्री और कुशीनगर के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने आज जिले में बन रहे राजकीय मेडिकल कॉलेज और अग्निशमन केंद्र का निरीक्षण किया। राज्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज को जल्द शुरू करने के लिए कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराने का निर्देश दिया।

(समाप्त)